सरकार ने बढ़ाई एथनॉल की कीमत

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करने और घरेलू स्तर पर ईंधन की उपलब्धता बढ़ाने की दिशा में कदम उठाते हुए सरकार ने एथनॉल युक्त पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के तहत सरकारी तेल कंपनियों को आपूर्ति के लिए एथनॉल मूल्य में वृद्धि का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की आर्थिक मामलों संबंधी समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सरकार ने 'सी' श्रेणी के भारी शीरे से बनी एथनॉल का मूल्य 43.70 रुपये प्रति लीटर तय किया है जबकि फिलहाल यह 40.85 रुपये प्रति लीटर है। हालांकि इस मूल्य में जीएसटी तथा परिवहन शुल्क शामिल नहीं है। इसके साथ ही सरकार ने 'बी' श्रेणी के भारी शीरे से निकाले गए एथनॉल तथा गन्ने के रस का मूल्य भी 47.49 रुपये प्रति लीटर निर्धारित किया है। इसमें भी जीएसटी तथा परिवहन शुल्क शामिल नहीं है। एथनॉल का यह मूल्य एक दिसंबर, 2018 से 30 नवंबर, 2019 के दौरान मान्य रहेगा। सरकार को उम्मीद है कि डिस्टिलरी इस योजना का लाभ लेकर ईबीपी कार्यक्रम के लिए एथनॉल सप्लाई करेंगी। एथनॉल आपूर्ति करने वालों को लाभकारी मूल्य देने से गन्ना किसानों की बकाया राशि के भुगतान में मदद मिलेगी और किसानों की कठिनाइयां दूर होंगी।

Dainik Jagran
28/6/18